तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 21 जून 2025


13 प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल बेमिसाल: मुरलीधर सिन्हा



14 केंद्र-राज्य सरकारें लिख रहीं आदिवासी उत्थान का नया अध्याय : विधायक साहू







सीटी स्केन की सुविधा अब आपके नगर के

सीटी स्केन सेंटर

लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल, छुरा

24 घंटे उपलब्ध

पवन पेट्रोल पंप के पास, नगर पंचायत छुरा, जिला गरियाबंद संपर्क करें : 9754134785, 8085101083



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी


गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि-25/06/25


## मैनपुर में सर्पों के जोड़े को देखने उमड़ी भीड़

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से पटेलपारा से शीतला मंदिर जाने वाले मार्ग में शुक्रवार शाम 4 बजे के आसपास दो सर्पों का जोड़ा को देखने भारी भीड़ लगी रही। लोगों ने इस जोड़े को देखने व अपने कैमरे में कैद किया। यह तस्वीर हमें जगदीश नागेश ने उपलब्ध कराई है।



# मानसून से पहले खपरैल मरम्मत में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित अंचल के ग्रामीणों द्वारा अपने खेती बाड़ी की तैयारी के साथ ही मानसून के पहले अपने खपरैल वाले आशियाना को चुस्त दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। ग्रामीण अंचलों में बंदरों का आतंक बढ़ गया है मकानों के खपरैल में उछल कूद करने के कारण टूट फूट जाता है और बरसात के दिनों में खपरैल से पानी टपकता है। जिसके चलते खपरैल वाले मकान मालिक समस्याओं से जूझते रहता है। जिसके पास पक्का मकान नहीं है वह ग्रामीण अपने आशियाना की धीरे–धीरे सहेज कर रखने में अपना तरीका अपना रहे हैं। इस वर्ष गर्मी नौतपा के दिनों में मौसम अचानक करवट लिया और बारिश होने लगा जिससे गर्मी से राहत तो मिला परंतु अचानक बेमौसम बारिश से बीमारी का प्रकोप बढ़ गया था। इस वजह से उस समय खपरैल का सुधार कार्य नहीं हो पाया अधिकतर घर पक्का मकान होने के कारण आजकल खपरैल बहुत कम मिलता है। जिसके कारण लोगों को खपरैल मिलना मुश्किल हो गया है। इस समस्या के चलते ग्रामीण टीन टप्पर का सहारा लेना पड़ रहा है। कच्चा मकान का मरम्मत करते हुए वनांचल गाडाघटिया ध्रुव, सहदेव राम, जगमोहन ने बताया कि बारिश के पूर्व हर साल खपरैल को ठीक करना पड़ता है। लगातार बंदर के आतंक के कारण खपरैल वाले मकानों की मरम्मत जरूरी है नहीं तो बरसात के दिनों में परेशानी होती है।




प्रवेश प्रारंभ

BCA | PGDCA | DCA | B.P.Ed. | B.P.E.

PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त

(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर



## खबर संक्षेप

### इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय योग प्रदर्शन आज



**गरियाबंद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिले में भी योग दिवस मनाया जायेगा। जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद के इंडोर स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक किया जायेगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर जनप्रतिधिगण, स्कूली बच्चे, अधिकारी, कर्मचारीगण सहित आम नागरिक भी सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेंगे।

### नेशनल हाईवे पर हादसा, उर्तुली घाटी में ट्रक रपटा के नीचे घुसा



**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद एवं देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में इन दोनों सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है। गुरुवार की रात उर्तुली घाटी के पास रपटा के नीचे एक बड़ा ट्रक घुस गया जिससे चालक बाल बाल बचा। दूसरे दिन शुक्रवार को रायपुर से बड़ा क्रेन लाने के बाद ट्रक को बाहर निकलने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं धवलपुर मोड़ के पास भी एक पिकअप पेड़ से टकरा गया जिससे वाहन चालक घायल हो गया।

### नगर व अंचल में आज मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**फिंगेश्वर।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर सहित अंचल मे विभिन्न शासकीय कार्यालयों में योग शिविर का आयोजन रखा गया है। इस आयोजन मे शासकीय अधिकारी कर्मचारी,जनप्रतिनिधि सहित नागरिक शामिल होंगे।

इस योग दिवस कार्यक्रम का थीम (एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग) को वैश्विक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देने एक महत्वपूर्ण मिल का पत्थर साबित होगा। जो शारीरिक,मानसिक और अध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के ⏭ शेष पेज 12 पर

**विडंबना : रायपुर-देवभोग हाइवे 130-सी में नवापारा से भेदभाव, कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव**

# नवापारा में यात्री प्रतीक्षालय की कमी नेशनल हाईवे पर उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

बड़ी आबादी एवं प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के बावजूद नवापारा शहर प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। रायपुर से गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग के लिए एक मात्र यही मार्ग है। जहां रोज हजारों की संख्या में यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। हजारों छात्र-छात्राएं इस शहर में पढ़ने आते है। अब तो बारिशकाल लग गया है लिहाजा यात्रियों को गाड़ियों की प्रतीक्षा के दौरान सड़क किनारे सिर छिपाने के लिए कुछ न कुछ साधन होना चाहिए। पर मेनरोड में यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में या तो किसी दुकान के शेड के नीचे खड़ा होना पड़ता है या फिर बारिश के फुहार के बीच भीगते हुए गाड़ियो का बाट जोहते है। मालूम हो कि शहर के 4 किलोमीटर मार्ग पर नेशनल हाइवे ऑथोरिटी द्वारा एक भी यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं किया गया है। जबकि अभनपुर एवं राजिम के आगे कई छोटे-छोटे गांव में मार्गो के किनारे नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट के अंतर्गत यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण हुआ है। यात्री प्रतीक्षालय निर्माण में इस शहर की अनदेखी की गई है कहे तो कोई गलत नही होगा। नेशनल हाइवे निर्माण में गुणवत्ता को लेकर भी पूर्व में सवाल उठे है। महानदी पुल से कुर्रा तक 4 किलोमीटर के फोरलेन सड़क का डिवाइडर आज भी बंजर है। पौधे के लिए छोड़े गए 4 फीट के डिवाइडर मवेशियों के बैठने का अड्डा बन गया है। विगत 2 साल से निर्माणाधीन नेशनल हाइवे से आम लोगों को भी काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है।

### कुर्रा से राजिम पुल तक 5 यात्री प्रतीक्षालय की जरुरत

कुर्रा से राजिम पुल तक 4 किलोमीटर के मार्ग में 5 यात्री प्रतीक्षालय की अत्यंत आवश्यकता है। इस मार्ग पर कन्या महाविद्यालय ,कन्या शाला ,गार्डन, मैडम चौक एवं राजिम पुल के पास यात्री प्रतीक्षालय होनी चाहिए। विद्यार्थियों एवं यात्रियों को बस के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है। मुख्य मार्ग पर एक भी छायादार वृक्ष नहीं है। मार्ग निर्माण के चलते मार्गो के किनारे के पेड़ काट दिए गए थे। सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना कन्या शाला एवं कन्या महाविद्यालय के छात्राओं को उठाना पड़ता है। बारिश में बस का इंतजार करते रुकने का कोई भी स्थान नहीं है। छात्राओं को भीगते बस का इंतजार करना मजबूरी है।



### नेशनल हाइवे में टोल के नाम पर खोद दी 1 किमी सड़क, रोज हो रहे हादसे

नवापारा-राजिम। अभनपुर से नवापारा के बीच बजरंगपुर के पास टोल टैक्स नाका बनाया जा रहा है। टोल नाका बनाने के लिए विगत डेढ़ वर्षों से 1 किलोमीटर सड़क में डामरीकरण नही किया गया है। गर्मी में धुल एवं गड्ढों से परेशानी होती थी। अब बारिश काल में बड़े-बड़े गढ़ों में पानी भर रहा है। दुपहिया वाहन रोज दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बता दें कि बरसात पूर्व मार्ग एवं टोल निर्माण के लिए पर्याप्त समय मिला था। किंतु विभाग की लापरवाही का नतीजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। टोल नाका के निर्माण की कछुआ चाल को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि पूरा बरसात यात्रियों को 1 किलोमीटर का सफर ऊबड़ खाबड़, गड्ढों में पानी से भरे मार्ग पर चलना पड़ेगा।

## 33 केवी बिजली पोल दो माह से खेत में जेई की लापरवाही से किसान परेशान



**कोपरा/गरियाबंद।** क्षेत्र में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। कोपरा के वन डिपो के समीप नेशनल हाईवे के पास स्थित खेतों में दो माह पूर्व आए तेज तूफान के कारण 33 केवी न्यू गरियाबंद लाइन के दो बिजली पोल गिर गए थे, जो अब तक जस के तस पड़े हुए हैं। किसान लगातार परेशान हैं, पर विभाग के जेई जॉन्सन बंजारे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। लिहाजा बिजली व्यवस्था भी चरमराया हुआ है। स्थानीय किसान मंगतू सतनामी, उषा साहू और चुम्मन साहू ने बताया कि उन्होंने कई बार जेई जॉन्सन बंजारे से लिखित और मौखिक रूप से पोल हटवाने का निवेदन किया, पर अधिकारी की हठधर्मिता और उदासीन ⏭ शेष पेज 12 पर

- कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, खरीफ की खेती पर मंडरा रहा संकट

**जल्द हटाया जाएगा**

कब हटेगा अभी कुछ कह नहीं सकता,पर जल्दी हटाने की कोशिश करेंगे।

**जॉन्सन बंजारे,** जेई, कनिष्ठयंत्री कार्यालय कोपरा

## पूर्व सीएम भूपेश ने राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**राजिम।** नवनिर्मित राजिम भक्तिन माता चौक में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं पदाधिकारियो ने फुलमाला से स्वागत किया और राजिम भक्तिन माता चौक निर्माण के लिए राशि प्रदान किए जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री साहू ने बताया कि वर्ष 2022-23 में उन्होने जिला मुख्यालय में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 15 लाख स्वीकृत किया था। पूर्व सीएम भूपेश बघेल चौक में रूके और राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

## पेंशन ठगी, 2.80 लाख हड़पने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में कार्यरत लिपिक एवं बोरिद स्कूल का लिपिक को पेंशन बनाने के नाम से 2 लाख 80 रूपए का धोखाधड़ी करने के आरोप में फिंगेश्वर पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक गरियाबंद निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन अतिद्द पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में सायबर अपराध एवं धोखाधड़ी प्रकरण संबंधी अपराध में गंभीरता पूर्वक तत्काल कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में आवेदिका द्वारा थाना फिंगेश्वर में लिखित शिकायत दर्ज कराया कि उनके पति का मृत्यु हो जाने पर पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर बी.ई.ओ. आफिस फिंगेश्वर के बड़े लिपिक (बडे.बाबू) मजहर खान ⏭ शेष पेज 12 पर



## इंदागांव के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम इंदागांव आज 20 जून 2025 को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 740 के भाग 225 वर्ग फीट पर अतिक्रमणकारी यूपीन पिता भीम के द्वारा बनाए गए झोपड़ीनुमा संरचना को जेसीबी मशीन के द्वारा हटाने की कार्यवाही की गई। विदित हो कि यह भूमि पांचवी अनुसूचित क्षेत्र है जिसको अवैध तरीके से किए गए कब्जे को सरपंच गुरुवारी ध्रुव एवं पूर्व सरपंच केशरी ध्रुव तथा ग्रामीणों के संयुक्त पहल से बुलडोजर चलाकर धार्मिक स्थल जमीन को कब्जामुक्त करवाया गया। यह धार्मिक पूजा स्थल पर प्रतिवर्ष धार्मिक कार्य क्रम करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण ग्रामीणों को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही पवित्र रथ यात्र के पहले रथ मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए अल्टीमेटम जारी किया गया इस कार्यवाही के बाद पूरे गाँव में सरपंच की प्रशंसा की जा रही है। उक्त भूमि देवभूमि के रूप मे आरक्षित थी इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा देवभूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। उक्त अतिक्रमण को हटाने ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 28 मई 2025 को प्रस्ताव क्रमांक 1 पारित किया गया था तत्पश्चात कब्जा हटाने हेतु अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी किया गया था, अतिक्रमण नहीं हटाने पर ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु तहसीलदार मैनपुर को सूचना जारी किया गया था जिसके तहत उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस बल के साथ तहसीलदार मैनपुर जीएल साहू, हल्का पटवारी वासुदवेकरण मौर्य, कोटवार ग्राम वासी एवं अनावेदक उपस्थित रहे।



**गाद से भरे, गंदगी से अटे तालाब को फिर से उपयोगी बना दिया**

# कसेरु में जनभागीदारी से हुई तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के कसेरु गांव में ग्रामीणों ने वो कर दिखाया जो अक्सर सरकारी योजनाएं भी समय पर नहीं कर पातीं। गांव के मुख्य निस्तारी तालाब की सफाई का बीड़ा ग्रामीणों ने खुद उठाया और श्रमदान कर गाद से भरे, गंदगी से अटे तालाब को फिर से उपयोगी बना दिया। इस जनसहभागी प्रयास ने साबित कर दिया कि जब जनता जागरूक होती है, तब विकास के रास्ते खुद बनते हैं।

मानसून की दस्तक से पहले गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने गांव की मुख्य निस्तारी तालाब की बिगड़ी हालत देख चिंता जताई। गहराई घट चुकी थी, किनारे झाड़ियों और गंदगी से अटे थे और जल निकासी भी बंद हो चुकी थी। तब गांव में सामूहिक बैठक हुई और तय हुआ कि तालाब की सफाई अब किसी सरकारी योजना का इंतज़ार किए बिना ग्रामीण स्वयं करेंगे।



**सुबह से शाम तक चला श्रमदान, महिलाएं और बच्चे भी हुए शामिल :** निर्धारित दिन पर गांव के सैकड़ों लोग एकत्र हुए। गाद निकाली गई, झाड़ियां हटाई गईं, नाली की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की गई। खास बात यह रही कि इस श्रमदान में महिलाओं और किशोरों ने भी बराबर की भागीदारी निभाई।

**ग्रामीण बोले - 'हमारा तालाब, हमारी जिम्मेदारी' :** ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब पीने, निस्तारी और पशुपालन की दृष्टि से बेहद जरूरी है। यदि सफाई न की जाती तो यह जल स्रोत बरसात में भरकर भी बेकार हो जाता। अब इसका पानी साफ है और आने वाले दिनों में यह पूरे गांव के लिए उपयोगी रहेगा।

### ग्रामीणों ने की शासन से सहयोग की मांग

स्थानीय निवासी मोती राम पटेल ने कहा कि, /"यदि शासन थोड़ी मदद करे तो हम इस तालाब को और बेहतर बना सकते हैं घाट, बैठने की व्यवस्था, पौधारोपण और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी ग्रामीणों की भागीदारी से पूरे किए जा सकते हैं। ग्रामीणों के इस सामूहिक प्रयास को देखने अन्य गांवों के लोग भी पहुंचे और इस पहल की सराहना की। अब गांववाले चाहते हैं कि शासन-प्रशासन उनके इस श्रम और समर्पण को संज्ञान में लेकर तालाब को स्थायी रूप से विकसित करने दिशा में कदम बढ़ाए। ग्राम कसेरु के ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया है कि विकास सिर्फ योजनाओं से नहीं, जनचेतना से होता है। यह अभियान बताता है कि जब जनता जागती है, तो बदलाव खुद-ब-खुद आकार लेने लगता है। ऐसे उदाहरणों से शासन को भी सीख लेने की जरूरत है।

**खबर संक्षेप**

## लेख राम का प्रयास विद्यालय में चयन



**रसेला।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवामुड़ा के विशेष पिछड़ी जनजाति के छात्र लेख राम नेताम का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। लेख राम प्रारंभ से ही होनहार विद्यार्थी रहा है,संस्था के गुणी और विद्वान शिक्षको की सानिध्य मे उसने यह उपलब्धि पाई। प्रधान पाठक कंवर सर के नेतृत्व में कक्षा शिक्षक मोहम्मद अनवर के साथ पुरानिक नागेश और विरेंद्र कौशिक सर की साल भर की रणनीति भरी शिक्षा को उन्होंने अपनी सफलता की वजह बताया है। ग्राम सरपंच यमुना मरकाम ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। ग्राम के जागरूक नागरिक और उन्नत किसान भीखम मरकाम जी ने बताया कि मिडिल स्कूल भरूवामुड़ा की पढ़ाई उच्च स्तरीय है,पहले भी इस संस्था से तीन बच्चे कोरबा,दुर्ग और बिलासपुर प्रयास विद्यालय हेतु चयनित हुए हैं. इतनी शानदार उपलब्धि के बाद भी संस्था के गुणी शिक्षक पुरानिक नागेश के अतिशेष निकलने पर उन्होंने रोष भी व्यक्त किया। इस विद्यालय ने राज्य स्तर के भी अनेक खिलाड़ी दिए हैं,संकुल प्राचार्य एम एल सिन्हा जी ने सभी को हार्दिक बधाई दी है। कमार जनजाति के बच्चे की इस ऊंची छलांग पर उमेंद नेताम, टोमेश्वर मरकाम, नेतु राम,चिंता ठाकुर,गोपाल नागेश,कमलेश्वर नेताम,रामेश्वर नेताम,कल्याण सिंह सोरी, देवकरण, संतराम नेताम के साथ जतियातोरा , भरूवामुड़ा ,हीराबतर, पंडरी पानी कमार, सेहरापानी के सभी नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं शिक्षको और लेख राम को दी है।

## बड़े भाई की हत्या, आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा

**महासमुंद।** सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने बड़े भाई के हत्यारे पीलूराम ध्रुव पिता स्व. शाखाराम ध्रुव 33 वर्ष वार्ड नंबर 2 ग्राम सिरपुर थाना तुमगाँव निवासी को भादंवि की धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास तथा 100 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं पटाने पर 1 माह का साधारण कारावास उसे पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार ग्राम सिरपुर वार्ड नंबर.2 निवासी पीलूराम ध्रुव ने थाना तुमगाँव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कृषि कार्य करता है, वे 2 भाई हैं। बड़ा भाई पीलाराम आए दिन शराब पीकर आता था और छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ मारपीट करता था। 30 जून 2024 को भी रात में पीलाराम ने उसके साथ मारपीट की थी। वह जबरन मारपीट से तंग आ गया था। रात करीब 10.30 बजे भी उसके साथ उसने मारपीट की। और परछी में कूलर चालू कर सो गया। तब उसने, उसे मार देने का मन बनाया और रात करीब 11 बजे लोहे की टंगिया से उसने उसके सिर व चेहरे पर वार कर टंगिया को बगल के खंडहर में फेंक दिया। हमले में पीलाराम की मौत हो गई।

## उदंती में वन्यप्राणियों की दुर्लभ तस्वीर कैमरे में कैद




**मैनपुर।** जिले के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के घने जंगल मे जगह जगह लगाये गए ट्रैप कैमरे में लगातार वन्यप्राणियों की तस्वीर कैमरे मे कैद हो रही है। खुले जंगल मे स्वतंत्र विचरण करते वन्यप्राणियों को देखना एक सुखद अलग अनुभव है और यह सिर्फ उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में आसानी से दिखाई दे रहा है। इन दिनों वन्य प्राणी सड़क किनारे भी दिखाई दे रहे है। इस तस्वीर को उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराया है।

## बाड़ी से डीजल का नारा हुआ हवा, रतनजोत पर करोड़ों खर्च के बावजूद नहीं मिला तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



वर्ष 2006 में भारत के मिसाइल मैन के अब्दुल कलाम के आव्हान पर प्रदेश सरकार ने गरियाबंद जिले में भी लगभग 12300 हेक्टेयर में रतनजोत रोपा था, लेकिन रतनजोत के पौधों का रख–रखाव नहीं होने और प्रोसेसिंग प्लांट नहीं लगाए जाने से लोगों को रतनजोत से न बायो डीजल मिल पाया न ही ऑयल ग्रीस जहां जहां रतनजोत रोपे गए थे, वहां ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है इस तरह डीजल संकट से निपटने और अरब से न खाड़ी से डीजल मिलेगा बाड़ी से, का सपना टूट गया है बताते चलें कि 19 साल पहले 8 नवंबर 2006 को महामहिम राष्ट्रपति डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम का रायपुर प्रवास हुआ था। उस समय उन्होंने छत्तीसगढ़ को रतनजोत के मामले में संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र बताते कहा था कि रतनजोत बायोडीजल के क्षेत्र में देश की तस्वीर बदल सकता है रतनजोत की खेती संभावनाओं से भरा क्षेत्र है। रतनजोत के बीज से बायोडीजल ही नहीं इसके प्रसंस्करण से मोबिल ऑयल, ग्रीस, शैंपू, प्लास्टिक चिप्स, पेंट आदि बनाने का रोजगार स्थापित किया जा सकता है, इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बायोडीजल प्राधिकरण का गठन किया था नया रायपुर में बायोडीजल प्लांट भी स्थापित किया था, लेकिन शासन की उदासीनता के चलते ही मल्टीपरपस जेट्रोफा अर्थात रतनजोत से कुछ नहीं मिला और करोड़ों रुपये डूब गए।

### जनपद पंचायत फिंगेश्वर में सहकारिता एवं उद्योग स्थाई समिति की बैठक आहूत

# डीएपी खाद के कारण अल्प कालीन ऋण प्रभावित : डॉ. साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



जनपद पंचायत फिंगेश्वर में सहकारिता एवम उद्योग स्थाई समिति का बैठक आहूत किया गया जिसमें सभापति डॉ दिलीप साहू,सहकारिता सीईओ मोहित गड़तीया,सदस्य श्रीमती नीतू चित्रसेन साहू, रोशन डहरिया, प्रेमीन मिथलेश ध्रुव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके साथ ही फिंगेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत तीनों ब्रांच (फिंगेश्वर, राजिम, कोपरा) के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी अधिकारी कर्मचारियों का सहकारिता सीईओ एमआर गड़तीया के द्वारा परिचय कराया गया, तत्पश्चात प्रमुख विषय खाद बीज भंडारण एवं ऋण वितरण पर चर्चा किया गया। सभी सोसायटियो के व्यवस्थापकों द्वारा क्रमशः खाद बीज एवं ऋण के रूप नगद राशियों के वितरण के बारे में जानकारी दिया गया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अल्पकालीन ऋण किसानों द्वारा कम लेने की बात सामने आया।सभापति डॉक्टर दिलीप साहू द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि डीएपी खाद नहीं होने के कारण किसान कर्ज नही ले रहे हैं। वही बताया गया कि पिछले वर्ष तीनों ब्रांचो को मिलकर लगभग 52 करोड़ रुपए का ऋण बांटा गया था। वर्तमान में तीनों ब्रांच मिलाकर लगभग 27 करोड रुपए का ऋण दिया जा चुका है। वर्तमान में एन पी के खाद सभी सोसाइटियों में उपलब्ध है जिनकी कीमत 1750 रुपए है जिसे किसान लेना पसंद नही कर रहे है।वही डीएपी खाद की कीमत 1350 रुपए दोनों में 400 का डिफरेंस है। बताया गया है कि अधिकांश किसान डीएपी खाद का ही उपयोग करते है। यूरिया पोटाश का भंडारण सभी जगह सही बताया गया।

**एकमुश्त तीन माह का चावल और साफ-सुथरा वितरण**

सभापति श्री साहू द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा 436 (18–50 वर्ष) प्रति वर्ष प्रीमियम राशि व 20 रुपए प्रति वर्ष प्रीमियम राशि सुरक्षा बीमा योजना आयु (18 से 70 वर्ष) जिन किसान भाइयों का बचत खाता जिला सहकारी बैंक में है उसे अनिवार्य रूप से दोनों बीमा योजनाओं से जोड़ने एवं प्रचार प्रसार करने की बाते कहीं गई। आकष्मिक निधन व एक्सीडेंटल निधन पर कम प्रीमियम में उनके परिवार को बड़ा राशि का सहयोग हो सकता है। सदस्य(सभापति स्वच्छता) नीतू चित्रसेन साहू द्वारा एकमुश्त तीन माह की चावल पर चर्चा करते हुए साफ सुधरा चावल देने का सुझाव दी। जनपद सदस्य रोशन डहरिया द्वारा युवाओं को उद्योग से जोड़ने के लिए कैंप लगा कर प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला एवम उद्योग विभाग गरियाबंद से श्री ध्रुव, एसएन पांडेय ब्रांच मेनेजर जिला सहकारी बैंक फिंगेश्वर, कोपरा ब्रांच मेनेजर श्री साहू, राजिम ब्रांच से सुपर वाइजर श्री साहू, एवं व्यवस्थापक गण उपस्थित रहे। अंत में सहकारिता सीईओ श्री गड़तिया ने सभी को उपस्तिथि देने के लिए धन्यवाद देते हुए बैठक की समाप्ति का घोषणा किया गया।



## योग दिवस के पहले किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

योग दिवस के पूर्व कौशल्या गार्डन में क्रीड़ा भारती द्वारा योग सिखाया गया। इस अवसर पर राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव सहित पार्षद भारत यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष शरद पारकर, मंत्री पूरन लाल यादव, उपाध्यक्ष रमेश पटेल, योग प्रमुख चित्रलेखा नागेश, दीपक साहू, प्रेम सिंग नागेश, त्रिलोक पारकर, सीएल साहू, केशव सिंग ,रवि साहू, लिकेश्वरी पारकर, परमेश्वरी साहू, गोपाल वर्मा, संजय शर्मा ,रामकृष्ण पुष्पाकर, गोपाल राम, ईश्वर साहू,मनोज साहू, रामकुमार वर्मा मौजूद थे।



## स्वस्थ रहने के लिए योग दिवस पर लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए: सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के सहयोग इस बार योग दिवस इस बार पुरातात्विक व सांस्कृतिक स्थलों पर मनाया जाएगा। इसी कड़ी में आज सिरपुर में योग दिवस मनाए जाने की तैयारी है। स्वस्थ्य रहने के लिए योग दिवस पर लोगों को कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। यह बातें भाजपा कार्यालय में भाजपा नेता व पूर्व सांसद रायपुर सुनील सोनी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

सुनील ने कहा कि इस बार पुरातत्व स्थल व सांस्कृतिक व पुरातात्विक धरोहरों वाले स्थलों पर योग दिवस कराने का निर्णय लिया गया है। इस कारण इस बार सिरपुर में आयोजन किया जा रहा है। योग करने से हम तनावमुक्त रहते हैं। सभी को समय निकालकर परिवार के साथ योग करना चाहिए। स्कूल के छात्रों, युवाओं, बुजुर्गों सभी को योग करना चाहिए। जिसमें बड़ी संख्या में प्रशासन के अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। योग दिवस का उद्देश्य सभी लोगों को योग के लाभ से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। लोगों को सिर्फ एक दिन नहीं, लोगों को नियमित रूप से योग करना चाहिए। स्वस्थ्य जीवन जीना जिंदगी की पूंजी है। पूरे जिले में योगदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। योग की सहायता से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त रखा जा सकता है। प्रतिदिन योग करने से शरीर की कई बीमारियां भी ठीक हो जाती है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक बसना संपत अग्रवाल, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सुधा साहू, मीना वर्मा आदि बीजेपी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शाला प्रवेशोत्सव में पुस्तक और साइकिलों का वितरण




**राजिम।** शासकीय दैवीय संपद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत,अभिनंदन, पुस्तक एवं साईकिल वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होने सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ संस्कारी बनने एवं गुरूजनों की आज्ञा का पालन करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू, प्राचार्य डीआर ध्रुव, सभापति कुलेश्वर साहू, भारत यादव, लिकेश्वर साहू, भागवत साहू, आशीष पांडेय, गुरुपंच सोनवानी, कुंती साहू तथा शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्कूल से गायब 35 शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटा

**महासमुंद।** जिले में नये शिक्षा शुरु होने के छात्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है एवं स्टेशनरी सामानों के लिए दुकानों का रूख कर रहे है। वहीं इधर शिक्षा सत्र के पहले दिन ही 35 शिक्षक स्कुल से गायब रहे जिस पर विभाग ने कार्रवाई किया है। बता दें कि नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही अब शिक्षा विभाग अपने शिक्षा नीतियों में बदलाव करते हुए शिक्षकों के प्रति कड़ी निगरानी रख रही है। 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। शिक्षा विभाग में पहली बार जिले में स्कूल खुलने के पहले ही दिन अपने विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से जिलेभर के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया गया।

## यूनाइटेड शोतोकान एसोसिएशन ने कराते सामग्री की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में संचालित यूनाईटेड शोतोकान एसोसीएशन ने बालक-बालिकाओं को निःशुल्क आत्मारक्षा प्रशिक्षण शिविर के लिए कारते समाग्री की मांग करते हुए कलेक्टर कार्यलक के आवक शाखा में आवेदन सौपा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार डडसेना ने बताया है कि हमारे महासमुंद जिले के बालक, बालिकाओ को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने जिससे की बालिकाओ के साथ आपातकालीन की स्थिति में स्वयं आत्मरक्षा का मुकाबला करने का परिपूर्ण उद्देश्य से हमारी यूनाईटेड शोतोकान एसोसिएशन महासमुंद निःशुल्क रूप से कई वर्षों से लगातार सेवा में कार्यरत है। बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा कराते (मार्शल आर्ट) में पारंगत कर आत्मनिर्भर बनाना है, हमारे अथक प्रयासों के बावजूद हमारे अकादमी में मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसके लिए कराते समाग्री की मांग को लेकर आवेदन सौपा है। इस दौरान कराते के खिलाड़ी शामिल रहे।

## लो-वोल्टेज से ग्रामीण हुए परेशान ट्रांसफार्मर बदलने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मचेवा में लो-वोल्टेज और

- ग्राम मचेवा में बिजली समस्या से परेशान है लोग

बिजली गुल से लोग परेशान हैं। लो-वोल्टेज से पंखे चल रहे हैं न ही कूलर। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीण तोगेश साहू व जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि ग्राम मचेवा में भाठापारा क्षेत्र में लगा ट्रांसफार्मर पुराना हो चुका है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बहुत कम है। इसके चलते वोल्टेज की समस्या है। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग में इस समस्या के समाधान के लिए आवेदन-निवेदन किया। आज तक सुध नहीं ली गई। सुशासन तिहार शिविर में भी ट्रांसफार्मर बदलने की मांग संबंधी आवेदन दिया गया था। बाद भी सकारात्मक पहल नहीं की गई। जबकि, सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण होना बताया जा रहा है। यदि शत-प्रतिशत निराकरण होता तो हमारे गांव की समस्या का भी समाधान होता। ग्राम मचेवा के भांठापारा क्षेत्र के ट्रांसफार्मर से बस्तीपारा कनेक्शन को अलग कर नया उच्च क्षमता वाला ट्रासंफार्मर लगाने की मांग की है।

मांग करने वालों में छन्नू साहू, रामेश्वर राजेश कुमार साहू, गेमन सेन, हुलसी सिन्हा, विजय लक्ष्मी साहू, नोमेश्वरी साहू, पूजा सिन्हा, द्रोपदी साहू कल्याणी साहू सुनीता सेन, देहुति साहू, पार्वती सिन्हा, भीमेश्वरी साहू, दशमत साहू, शकुंलता साहू, पिंकी साहू, भारती साहू, उर्मिला, सविता, योगिता, संतोषी, गायत्री रवि साहू, सुरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष**

### 33 केवी बिजली पोल ...

रवैये के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। किसान अब उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की योजना बना रहे हैं।गौरतलब है कि जब यह पोल गिरा, उस समय खेतों में रबी फसल खड़ी थी, जिसे नुकसान पहुंचा। अब खरीफ की बुवाई का समय है और सूखे खेत में पोल को हटाया जा सकता है, लेकिन बारिश शुरू होने के बाद यह काम और भी कठिन हो जाएगा। बावजूद इसके, विभाग आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों का कहना है कि जेई जॉन्सन बंजारे को कोपरा के साथ-साथ राजिम सब स्टेशन का भी चार्ज दिया गया है, लेकिन कोपरा में वे शायद ही कभी दिखाई देते हैं। अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे पूरा काम चल रहा है। इससे न केवल बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई है, बल्कि बार-बार बिजली बाधित होने से आमजन भी त्रस्त हैं। कोपरा में बिजली व्यवस्था को लेकर लगातार समस्याएं आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि कोपरा में पदस्थ जेई का जल्द से जल्द तबादला कर किसी जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति की जाए, ताकि बिजली संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

### पेंशन ठगी, 2.80 लाख...

व शासकीय उच्चतर माध्य. विद्यालय बोरिद के शिक्षक खोरबाहरा राम धुरव के द्वारा आवेदिका से उनके खाते के चेक बुक में षढ़यंत्र पूर्वक हस्ताक्षर कराकर 2,80,000 रूपये लेकर व पेंशन प्रकरण नही बनाकर धोखाधड़ी किया गया है।आवेदन पर थाना फिंगेश्वर में दिनोंक 20.06.2025 को अपराध क्रंद्व 181/25 धारा 318(4),61(2),3(5) बी.एन.एस.पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर आरोपी 01. मोहम्मद मजहर बेग पिता मोहम्मद सरवर बेग उम्र 37 वर्ष साकिन वार्ड नं0 07 गोबरा नवापारा, 02. खोरबाहरा राम धुरव पिता स्व. लीलाराम धुरव उम्र 49 वर्ष साकिन फिंगेश्वर थाना छुरा जिला गरियाबंद को गिरफ्तार किया एवं आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।उक्त दोनो आरोपीयो द्वारा थाना छुरा के अपराध क0 82/25 धारा 318(4),3(5) बी. एन.एस.के प्रकरण में भी पेंशन बनाने के नाम पर 2,00,000 रूपये का धोखाधड़ी किया गया है।

### नगर व अंचल में आज मनाया...

उद्दे”य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11 संस्करण को वैश्विक और समावेशी तरीके से मनाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम (योग संगम) के रूप मे पूरे भारत वर्ष में आज मनाया जायेगा। इसी कड़ी में जनपद पंचायत मे जनपद प्रांगण एवं नगर पंचायत के द्वारा कृषि उपमंडी में योगा का आयोजन होगा। दोना कार्यक्रम लगभग 7.30 बजे से लेकर 8.30 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम शामिल होने के लिए नगर पंचायत के सीएमओ चंदन मानकर एवं अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी ने लोगों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि ''करो योग रहो निरोग'।

**खबर संक्षेप**

## प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश काउंसलिंग 23 से 27 जून तक

**गरियाबंद।** प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए वर्गवार मेरिट एवं प्रतिक्षा सूची राज्य के विभागीय वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में अपलोड कर दिया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बालक का काउंसलिंग 23 जून को, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बालिका का काउंसलिंग 24 जून को, अनुसूचित जाति बालक/ बालिका का काउंसलिंग 25 जून को, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक/बालिका का काउंसलिंग 26 जून को एवं सामान्य वर्ग बालक/बालिका, अल्पसंख्यक बालक/बालिका का काउंसलिंग 27 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रसास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी रायपुर में आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने विद्यार्थियों को काउंसलिंग में अपने समस्त अभिलेखों प्रवेश पत्र, निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र, कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी का प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो जिले के पुलिस अधीक्षीक द्वारा जारी प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने कहा है।

**निधन**

## तुकाराम साहू



**नवापारा-राजिम।** शहर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तुकाराम साहू का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,समाज एवं मुहल्ले के लोग शामिल हुए। उनके निधन पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक जताते हुए कहा कि तुकाराम साहू का निधन नवापारा भाजपा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे भाजपा के एक सच्चे सिपाही थे और मेरे लिए छोटे भाई के समान थे। उनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति की तरह है। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वे तुकाराम जी की पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें, साथ ही उनके निधन से व्याप्त अथाह शोक को सहन करने की शक्ति उनके परिजनों को दें।

**आयोजन : भाजपा द्वारा देवभोग में मोदी के 11 साल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण संकल्प से सिद्धि तक सभा का आयोजन**

# प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल बेमिसालः मुरलीधर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजनाओं को संकल्प से सिद्धि तक सभा का आयोजन भाजपा मंडल देवभोग के राजापारा में आयोजन किया गया जिसमें मुख्यवक्ता मुरलीधर सिन्हा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा गरियाबंद, विशेष अतिथि अनिल चंद्राकर, जिलाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद थे । कार्यक्रम की शुरूवात भारतमाता के तस्वीर पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना करके किया गया तत्पश्चात आए अतिथियों का पुष्पमाला एवं अक्षत लगाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के मुख्यवक्ता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि 9 जून 2025 का विश्व के लोकप्रिय नेता और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के सफलतम 11 साल पूर्ण हो गया जिसे पूरे भारत में भाजपा बूथ स्तर में जनता तक ले जायेगी आज का कार्यक्रम आपके देवभोग में भी आयोजित है पिछले 11 साल में भारतीय जनता पाटएँ की गठबंधन में प्रधानमंत्री मोदी जी ने गांव गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाओं सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य किए हैं । वर्ष 2014 से शुरूवात स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 11 करोड़ घर–घर शौचालय बनाकर महिलाओं को लोकलाज से बचने के लिए इज्जत घर दिया, पीने की शुद्ध पानी के लिए जल जीवन मिशन चलाकर हर घर नल से जल, कच्चे मकान को पक्के मकान में बनाने के लिए 11 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया लाभाथएँ पक्के मकान पाकर बहुत ही खुश हैं । बैंकों में गरीबों का कोई खाता नहीं हुआ करता था जिसमें 55 करोड़ लोगों को जनधन योजना से जीरो बैलेंस में खाता खुलवाकर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर (डीबीटी) समस्त योजनाओं का लाभ दिए जा रहे हैं । वर्ष 2020–21 में पूरे विश्व कोरोना की महामारी थी तब प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत के वैज्ञानिक से कहा कि हमारे देश में करोना का वैक्सीन बनाई जावे। आत्म निर्भर के सपना को पूरा करने के लिए समय पर वैक्सीन का निर्माण हुआ और करोड़ों जाने बचाई गई।




### विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला बना देश

उक्त कार्यक्रम के विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि एनडीए सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के 11 साल एक ऐतिहासिक कार्यकाल है, सेवा, सुशासन एवं 11 साल गरीब कल्याण के बेमिसाल साबित हुआ है उनके नेतृत्व में भारत देश का सम्मान और गौरव बढ़ा है, अब कर्ज लेने वाले देश नहीं रहा बल्कि कर्ज देने वाला देश बना है, विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है आगे का लक्ष्य तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है और जब देश आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 में मनायेंगे तो विकसित भारत होंगे यह संकल्प है। सरकार की योजनाऐं बेहतर होने से लाभार्थी को सीधे लाभ हो रहें हैं। जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबी हटायेंगे करके नारा दिया करते थे जो खोखली साबित हुए।

### ये रहे शामिल

कार्यक्रम का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव एवं संचालन रूपदास मरकाम, महामंत्री भाजपा मंडल देवभोग ने किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री शीतला पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल बेहेरा, महामंत्री अनीता उपाध्याय, फगनूराम नागेश, मोहन वर्मा, अखिलेश्वर यादव, सुशील निधि, शंकरलाल नागेश, करनधर बीसी, रामभरोसा सिन्हा, वेणु डोंगरे श्यामलाल सोनी, सूरज शर्मा, बिलभद्र यादव, सरपंच बड़ीगांव अर्जुन नागेश, युवा मोर्चा नेता पादुलोचन मरकाम सहित बड़ी संख्याओं में कार्यकर्ता उपस्थित थे । भाजपा संगठन के नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी प्रभावित होकर 11 कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के लोग भाजपा में शामिल हुए जिसे भाजपा का अंगवस्त्र डालकर स्वागत किया गया।

# रोबा में भाजपा ने गिनाई मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां

**छुईहा बेलर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर रोबा शक्ति केन्द्र के बिनौरी बुथ के आश्रित ग्राम पुरैना में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल केंद्र में मोदी सरकार के पुर्ण होने पर चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में उपलब्धि को आम जनो तक पहूंचाने का कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ।

- रोबा में भाजपा ने 11 साल पुर्ण मोदी सरकार की उपलब्धि

सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सीतल साहू ने



कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव हुए हैं। नरेंद्र मोदी की यह कार्य भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव है।जिसने देश के विकास को तेजी आई है।भारत का यह बढ़ता विकास लोगों का जीवन आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ावा दे रहा है।

इस मौके पर शीतल कुमार साहू, घनश्याम साहू बुथ अध्यक्ष,केजऊ राम पुर्व सरपंच,पालक राम,रमेशर राम, उमेश धुरु, पुरुषोत्तम राम, सेवा राम, मुकेश राम,रिखम राम,हेमु राम सहित अनेक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिकल सेल जागरुकता दिवस पर आयुष शिविर का आयोजन

**मैनपुर।** सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आयुष ग्राम मैनपुर के अंतर्गत नदीपारा में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर के अवसर पर बच्चों को रक्ताल्पता की जानकारी दी गईसाथ ही स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी एवं शुगर जांच और रक्ताल्पता से सम्बंधित आईईसी वितरण किया गया, जिसमें लाभार्थियों की संख्या 95 है। इनमें से 30 रोगियों का रक्त जांच किया गया एवं सभी रोगियों की आयुर्वेदिक और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैनपुर खुर्द के सरपंच हनिता नायक और मैनपुर ग्राम पंचायत सचिव संजय नंदाल जी उपस्थित रहेशिविर में प्रभारी डॉ. सुमन



बागची, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रिया वर्मा, ऑस्टियोआर्थराइटिसएवं मस्कुलो स्केलेटल चिकित्सक डॉ. राहुल घृतलहरे, फार्मासिस्ट श्री संतराम गेंडे, औषधालय सेवक श्री बलराम ध्रुव उपस्थित रहे। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज चतुर्वेदी, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक गायत्री जगत एवं मितानिन सुहागा पाडे, जमुना पटेल, गंगाबाई मरकाम का विशेष सहयोग रहा।

## सरकारी मिडिल और हाई स्कूलों में पहुंचने लगीं पुस्तकालय की किताबें

**मैनपुर।** जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के शासकीय मिडिल एवं हाई स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय का अब लाभ मिलेगा इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनेक कहानी एवं वीर महापुरुषों के जीवन गाथा से संबंधित पुस्तक तथा कई जानकारियां वाला पुस्तक वितरण के लिए मैनपुर पहुंच चुकी है। सर्व शिक्षा अभियान बीआरसी कार्यालय से इन दिनों सभी मिडिल एवं हाई स्कूलों में पुस्तकालय के लिए पुस्तक वितरण कार्य किया जा रहा है अनेक वाहनों के माध्यम से पुस्तकों को स्कूलों तक पहुंचा जा रहा है। मिली जानकारी की अनुसार शासन द्वारा अब सरकारी स्कूलों में भी पुस्तकालय की सुविधा दिया जा रहा है जिससे यह अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।



## पंचायत सचिवों की अनुपस्थिति से हितग्राही वंचित, अधिकारियों के संरक्षण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिवों के निर्धारित समय सीमा के अनुसार पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं अपनी मनमर्जी से मनचाहे समय में आकर चले जाते हैं राज्य सरकार के सरकारी नियमानुसार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत भवन खुला रहना चाहिए जहां सचिवों को उपस्थित रहना चाहिए किन्तु छुरा विकास खंड के धरातल पर यह नियम लागू नहीं होता यदि सचिव का कार्य संबंधित विभाग में रहता है तो पंचायत रजिस्टर में विषय कार्य को लिख कर जाना चाहिए। जिससे आम जनता और पंचायत के कर्मचारी, पदाधिकारी, सरपंच, उप सरपंच पंच आदि को जानकारी होगा। सरकार सचिवों को वेतन इसलिए नहीं दे रही हैं कि वे घर में रहकर रोजी पकाए बल्कि उन्हे तो जनता के कार्य को सरलता पूर्वक सुचारू रूप से कार्य करना चाहिए न कि पंचायत समय में अपने घर में रह कर जन हित के कार्य से पीछा छुड़ाए। कुछ पंचायतों को छोड़कर प्रायः अधिकतर पंचायतों में सचिव ज्यादा आते ही नहीं और आ गये पूरा समय तक बैठते भी नहीं विकासखंड के पंचायती राज व्यवस्था की यही जमीनी हकीकत है। छत्तीसगढ़ में प्रथम बार बने अध्यक्ष उप सरपंच संघ जनपद पंचायत छुरा एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रुपनाथ बंजारे ने आरोप लगाया है कि जनपद सीईओ के निष्क्रियता और संरक्षण के कारण सचिवगण स्वच्छंद हो गये हैं यदि मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा के द्वारा हर पंचायत में निरीक्षण के लिए निकले तो हर पंचायत में कार्यालयीन समय पर दरवाजे पर ताला लटका हुआ मिलेंगा किन्तु अधिकारी के पास भी समय नहीं है यदि पंचायत सचिव समय पर कार्यालय में नहीं बैठते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही निलंबन, वेतन रोकना या सेवा से बर्खास्तगी करना चाहिए तभी सचिव पंचायत भवन में नियमानुसार बैठेंगे।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप

### कुल्हाड़ीघाट बालक आश्रम में हुआ नया हैंडपंप खनन



**मैनपुर।** आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र दूरस्थ वनांचल में बस कुल्हाड़ीघाट ग्राम आदिवासी बालक आश्रम में बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नया हैंडपंप खनन कार्य किया जा रहा है। लंबे समय से यहां हैंडपंप खनन की मांग किया जा रहा था नये हैण्डपंप खनन से बच्चो मे खुशी का महौल देखने को मिल रहा है।

### सेन समाज जिला अध्यक्ष सरोज का किया सम्मान



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रांत अध्यक्ष एवं केश शिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष सुश्री मोना सेन की अगुवाई में गत दिनो प्रदेश भर के सभी जिलों के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षों का सम्मान राजधानी रायपुर में समारोह का आयोजन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, केश शिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष सुश्री मोना सेन के साथ ही राज्य भर के प्रमुख लोग सम्मिलित हुए कार्यक्रम में प्रांत से समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन, सचिव भवनलाल कौशिक, प्रदेश कोषाध्यक्ष किशन सेन सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गरियाबंद जिला से पहुंचे सर्वसेन समाज के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती सरोज सेन को अतिथियों द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया एवं उन्हें महिला प्रकोष्ठ गरियाबंद जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया इस उपलब्धि पर गरियाबंद जिला सर्वसेन समाज के अध्यक्ष चंद्रहास सेन, उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं जिले के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिये है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**महासमुंद।** डूमरपाली में ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। खल्लारी पुलिस ने बताया कि 14 जून की रात शिव कुमार निषाद खाना खाकर साइकिल से तालाब रखने के लिए घर से तौराहा बांध तालाब जा रहा था। गांव की गली में उत्तम दीवान के घर के सामने ट्रैक्टर के चालक लकेश्वर सिन्हा पिता रामजी सिन्हा निवासी डूमरपाली ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर शिव कुमार निषाद के साइकिल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके पेट, कमर, दाहिने हाथ में चोट आई है।

प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय अभियान के तहत वंचितों तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं : सांसद

# केंद्र-राज्य सरकारें लिख रहीं आदिवासी उत्थान का नया अध्याय : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय अभियान के तहत शुक्रवार को गरियाबंद के गांधी मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने की। अतिथियों ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर लोगों को दी जा रही योजनाओं का जायजा लिया। साथ ही हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया। अतिथियों ने विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को स्वरोजगार से जोड़ने भुंजिया जनजाति के हितग्राहियों को हालर मिल सेट, मनिहारी सामान एवं कंप्यूटर सेट का भी वितरण किया।

- जिले के गांधी मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न
- भुंजिया जनजाति के हितग्राहियों को हालर मिल सेट, मनिहारी सामान एवं कंप्यूटर सेट का किया गया

इस दौरान सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सबका साथ, सबका विकास के तहत देश की जनजाति सदस्यों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन सभी नागरिकों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जो संख्या में कम होने के कारण अक्सर विकास की मुख्यधारा से वंचित रह जाते हैं। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 17 मंत्रालय के माध्यम से 25 से अधिक योजनाओं को समन्वित कर वंचित जनजातियों तक पहुंचाया जा रहा है। यह प्रयास सुनिश्चित कर रहा है कि इन समुदायों को भी बिजली, सड़क, अपनी, स्वास्थ्य सुविधाएँ, शिक्षा और अन्य व्यक्तिगत लाभ योजनाओं का पूरा फायदा मिल सके। इसके तहत गरियाबंद जिले में भी 30 जून तक 31 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से आज पूरा देश तरक्की कर रहा :** इस दौरान जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद् गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, नंदिनी साहू, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर सहित अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकगण मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने भगवान बिरसा मुंडा के स्मरण में जनजाति सदस्यों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति अभियान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से आज पूरा देश तरक्की कर रहा है। शासन द्वारा संचालित योजनाएं समाज की उन्नति और तरक्की का बेहतर मार्ग है। इसकी पहुंच पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि आदिवासी सदस्य योजना का लाभ उठा सकें और अपने परिवार व समाज के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। श्री साहू ने कहा कि सरकार के नेतृत्व में मोबाइल टावर, सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएँ दूर-दराज के गांवों तक पहुंच रही हैं। सरकार लगातार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि प्रत्येक व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे।

**आर्थिक तरक्की में मिलेगी मदद :** हितग्राहियों ने कहा कि शासन की सहायता से मिले सामग्रियों की मदद से उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिल गया है। जिसका अच्छे से संचालन कर उनके परिवार के पालन पोषण एवं आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। इस अवसर पर स्टाल के माध्यम से अतिथियों ने 10 किसानों को धान बीज, पांच किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि पत्र, दो मछली जाल, दो आइस बॉक्स, पशु औषधि किट, 4 आयुष्मान कार्ड, 5 फूड बॉस्केट वितरण सहित तीन शिशुओं का अन्नप्राशन एवं दो गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान कर गोद भराई रस्म संपन्न कराया।

### कंप्यूटर सेट, मिनी हालर मिल एवं मनिहारी व्यवसाय से जनजाति सदस्य होंगे मजबूत

राज्य शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आर्थिक सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी के तहत भुंजिया विकास अभिकरण अंतर्गत 10 हितग्राहियों को मनिहारी दुकान संचालन के लिए मनिहारी सामग्री प्रदान किया गया। इसी प्रकार सीएससी संचालन के लिए 10 हितग्राहियों को कंप्यूटर सेट एवं 11 हितग्राहियों को मिनी हालर मिल सेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती चौधरी सहित अतिथियों ने हितग्राहियों को सामग्री प्रदान कर स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं अपने परिवार के विकास के लिए शुभकामनाएं दी। स्वरोजगार के लिए शासन से सहायता मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जताते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। साथ ही आजीविका के क्षेत्र में तरक्की के लिए तत्परता दिखाई।

# पीएम मोदी के प्रयासों से योग बना वैश्विक आंदोलन : सांसद चौधरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व गरियाबंद सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है। 21 जून को पूरी दुनिया /"योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ/" थीम पर योग दिवस मनाने जा रही है। /"योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ/" की थीम न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करती है, बल्कि यह पर्यावरण और समाज के समग्र संतुलन की दिशा में एक ठोस संदेश भी देती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से 2015 में शुरू हुआ यह दिवस आज 190 से अधिक देशों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

**जिले में होंगे विशेष आयोजनः विधायक :** इस अवसर पर गरियाबंद विधायक रोहित साहू ने कहा कि योग दिवस को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की गई हैं। शासकीय, शैक्षणिक, सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास सत्र, जनजागरूकता रैली, योग प्रशिक्षण और सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विधायक ने बताया कि योग आज की भागदौड़ भरी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली के बीच तनाव मुक्ति और शारीरिक संतुलन का अचूक माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और अपने साथ समाज को भी स्वस्थ बनाएं। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पार्टी पदाधिकारीगण, योग प्रशिक्षक तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### योग बना 20 हजार करोड़ की अर्थव्यवस्था

सांसद श्रीमती चौधरी ने बताया कि योग अब केवल साधना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत से प्रशिक्षित 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग प्रशिक्षक दुनिया के विभिन्न देशों में योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि योग भारत की 15 हजार वर्ष पुरानी आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल शरीर की कसरत नहीं बल्कि आत्मा, मन और चेतना को जोड़ने वाली एक संपूर्ण जीवनशैली है।

# तावरबाहरा शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया



**गरियाबंद।** नव शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर शासकीय माध्यमिक शाला तावरबाहरा में शुक्रवार को शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र पर ग्राम सरपंच सावित्री ध्रुव, पंचगण और ग्रामीणों द्वारा फूल और गुलाल अर्पित कर पूजन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर सरपंच सावित्री ध्रुव के हाथों से बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही टॉफी, पाठ्य पुस्तकें और स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पीआर साहू ने बच्चों और पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अनुशासन और नियमितता के साथ अध्ययन करना चाहिए। साथ ही पालकों को प्रतिदिन उनकी कॉपियों की जांच कर उनकी पढ़ाई में रुचि लेनी चाहिए। सेवानिवृत्त शिक्षक नर्मदा सिन्हा ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति आत्मीयता और निर्भयता का वातावरण निर्मित करना है, ताकि वे स्कूल आने में संकोच न करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की महिला समूह की ओर से बच्चों के लिए खीर-पूड़ी का स्वादिष्ट न्यवता भोज परोसा गया, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह से ग्रहण किया। इस आयोजन में ग्राम सरपंच सावित्री ध्रुव, सेवानिवृत्त शिक्षक नरेंद्र ध्रुव, देवेंद्र कुटारे, पीआर साहू, सरपंच प्रतिनिधि भगवंत कुटारे, प्रभारी प्रधान पाठक मृदुल निर्मलकर, शिक्षिका गोदियाल, सिद्दीकी सर, ओम दीवान मेम, ग्राम के महिला समूह तथा ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# सिर्रीखुर्द में साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र के तत्वावधान में साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम सिर्रीखुर्द में 22 जून को आयोजित किया गया है। बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि साहू समाज परिक्षेत्र बेलर के तत्वावधान में साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम सिर्रीखुर्द में 22 जून को आयोजित किए गए हैं। इसके तहत सुबह 10 बजे कलश यात्रा, कार्यक्रम स्थल पहूंचने पर मां कर्मा महाआरती, 10वीं, 12वीं के उत्कृष्ट अंक अर्जित कर सफलता वाले छात्रों एंव परिक्षेत्र ग्राम के समाजिक वरिष्ठ 5-5 महिला पुरूषो का सम्मान समारोह, पौधारोपण आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम चंदूलाल साहू अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम संत गोवर्धन शरण महामण्डलेश्वर, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम, नारायण साहू साहू समाज जिलाध्यक्ष, भूनेश्वर साहू उपाध्यक्ष छत्तसगढ़ प्रदेश साहू संघ, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, विजय कंडरा विधायक प्रतिनिधि, सरपंच सिर्रीखुर्द देवेन्द्र वर्मा होगें।

# योग से निरोग भारत की ओर कदम बढ़ाएं : अर्जुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



वर्ष के सबसे बड़े दिन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। पतंजलि परिवार द्वारा सतत जनसंपर्क कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योगाभ्यास का लाभ उठाने प्रेरित किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा, एससीईआरटी के मुख्य योग प्रशिक्षक शंकर लाल यदु द्वारा सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी को भी आमंत्रित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवशी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु सारी तैयारियां की गई है। जिला एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों, विकासखंड के सभी अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। पतंजलि परिवार द्वारा थाना प्रभारी छुरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा किया गया। योगाचार्य शंकर लाल यदु ने जनमानस को आमंत्रित करते हुए कहा कि योग, आम व्यक्ति के लिए जीवन पद्धति है। रोगी के लिए उपचार पद्धति है, चिकित्सा पद्धति है। एक योगी के लिए साधना पद्धति है। उन्होंने आग्रह किया कि योगाभ्यास का अनिवार्य रूप से लाभ उठाएं। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि रोगमुक्ति का साधन ही नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन शैली है। योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करें। योग से निरोग भारत की ओर कदम बढ़ाएं।

# शाला प्रवेशोत्सव, हर बच्चे के भविष्य की सीढ़ीः लता ध्रुव



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच सुखदेव राम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूवात की।

इसके पश्चात नई शिक्षा सत्र के प्रारंभ में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल तिलक लगाकर माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके साथ में बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। कक्षा पहली से पांचवी तक के प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने वाले बच्चों को पेन, कॉपी देकर सरपंच सुखदेव राम साहू के द्वारा सम्मानित किया गया। घनश्याम गुप्ता रिटायरमेंट शिक्षक के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में बताया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव के द्वारा छात्र-छात्राओं, शिक्षक, अभिभावकों को नए शैक्षणिक सत्र में सभी को शुभकामनाएं दी। शासन से मिलने वाले सभी सुविधाओं के लाभ, जैसे गणवेश, एससी, एसटी के बच्चों का छात्रवृति, मध्याहन भोजन आदि के बारे मे जानकरी दी। उन्होंने कहा कि गुणवता पूर्ण शिक्षा एवं बच्चों की आत्मविश्वास विद्यालय जीवन की नई शिक्षा की शुरुआत है जिससे बच्चे अपने भविष्य को गढ़ सकते हैं। शाला प्रवेश उत्सव केवल नामांकन का अवसर नहीं बल्कि यह प्रत्येक बच्चों के भविष्य का पहली सीढ़ी है।

इसमें बच्चों की माता-पिता का अच्छा ज्ञान देने के साथ -साथ सभी जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी होती है। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सरपंच सुकदेव राम साहू, अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, दर्शन, अशोक साहू, झाड़ राम साहू, रुक्मणी साहू, केसर साहू, रूबी निर्मलकर, घनश्याम गुप्ता रिटायरमेंट शिक्षक, शिक्षिका मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू, कमलकान्त सेन आदि उपस्थित थे।

शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत

# शिक्षा, भविष्य की होती है मजबूत नींव : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



सोमवार को गरियाबंद स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय परिसर शिक्षा के रंग में रंगा नजर आया। यहां जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत कर शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया गया।

कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी, स्थानीय विधायक रोहित साहू, बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, कलेक्टर बीएस उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और सैकड़ों स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और शैक्षणिक सामग्री वितरित कर स्वागत से हुई। पहली कक्षा के नन्हें बच्चों को पाठ्य पुस्तकें दी गईं, जबकि कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण किया गया। सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरित कर बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही जिले में प्रथम स्थान लाने वाले और माने में चयनित बच्चों को मंच पर सम्मानित किया गया।

**कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे :** सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा की "शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम एक शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षा ही भविष्य की मजबूत नींव है और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल में शैक्षणिक वातावरण समृद्ध होता है।

**सांस्कृतिक रंगों से सजा मंच :** कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उनकी गायन, नृत्य और कविता पाठ ने उपस्थित जनों का दिल जीत लिया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से सभी अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि शिक्षा का उजियारा जन-जन तक पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

### बच्चों को नियमित स्कूल भेजें

विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षा बच्चों के जीवन की दिशा तय करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम श्री स्कूल योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और छत्तीसगढ़ सरकार की योजना जैसी पहलें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा की आज हम शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखना चाहते। हमारा लक्ष्य है कि बच्चों में नैतिकता, अनुशासन और देशभक्ति के संस्कार भी पनपे। पालकों से अपील है कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और घर पर पढ़ाई में सहयोग करें।

